अमृत विचार

बरेली, रविवार, 5 अप्रैल 2026

PAGE NO, IV, BOTTOM

हैकाथॉन 4.0 में अंतिम दिन प्रतिस्पर्धा-नवाचार के रंग

एसआरएमएस में आयोजित कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागियों के साथ अतिथि।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : एसआरएमएस कॉलेज में आयोजित हैकाथॉन 4.0 का तीसरा अंतिम दिन उत्साह, प्रतिस्पर्धा और नवाचार के माहौल में सम्पन्न हुआ।

सुबह 10 बजे अंतिम मूल्यांकन चरण प्रारंभ हुआ, जिसमें दो अलग-अलग निर्णायक मंडलों ने प्रतिभागी टीमों का मूल्यांकन किया। इन निर्णायक मंडलों में शिक्षाविदों के साथ-साथ उद्योग विशेषज्ञ भी शामिल रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रोजेक्ट्स का तकनीकी, व्यावहारिक और नवाचार के आधार पर आकलन किया। मूल्यांकन के बाद विजेताओं का चयन किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति और प्राचार्य प्रो. प्रभाकर गुप्ता ने विजेता टीमों को सम्मानित किया। सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों को वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए प्रेरित करते हैं और उनके तकनीकी कौशल को निखारते हैं।

डॉ. रितु सिंह, डॉ. अमित कुमार शर्मा, इं. आशीष अग्रवाल, डॉ. सत्य देव, इं. अश्वनी चौहान, इं. निपुण पांडे, डॉ. शैलेश सक्सेना, अंकित भारद्वाज, अंकित पटेल आदि उपस्थित रहे। संचालन इं. पारुल दीक्षित ने किया। इं. अश्वनी कुमार चौहान ने